# बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

एकलव्य भवन, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांक :– प. 2 / बा.शि.फा. / गार्गी / 2017–18 / 874-906 जयपुर, दिनांक :– 27.8.18

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा
समस्त

**विषयः– सत्र 2018–19 गार्गी पुरस्कार समारोह दिनांक 04 सितम्बर 2018 तक जिलास्तर एंव पंचायत समिति स्तर पर आयोजित करने के क्रम में।**

महोदय,

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा प्रतिभावान बालिकाओं को उनकी बोर्ड परीक्षाओं में उपलब्धियों के आधार पर कक्षा–10 की बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार एवं कक्षा–12 की बालिकाओं को बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये जाते है। पुरस्कार समारोह जिलास्तर एंव पचायत समिति स्तर पर आयोजित करने हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर यथोचित ध्यान दिया जाना आवश्यक हैः–

1. पुरस्कार वितरण का स्थान नियत करके छात्राओं को सूचना प्रेषित की जाये तथा छात्रा से प्रपत्र की पूर्ति करवा ली जाए तथा उक्त प्रपत्र छात्रा वर्तमान संस्था प्रधान से प्रमाणित करवा कर आपके पास समारोह से पूर्व जमा करवा दें, जिससे छात्रा को प्रदान किए जाने वाले पुरस्कार की पात्रता प्रमाणित हो सके।
2. (अ) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सैकण्डरी एवं प्रवेशिका परीक्षा, 2018 की पात्र छात्राओं को जिन्हें गत वर्ष 21 जनवरी, 2018 को कक्षा–11 में नियमित अध्ययनरत रहने पर प्रथम किश्त का भुगतान किया गया था। वे छात्राएं वर्तमान सत्र 2018–19 में कक्षा–12 में अध्ययनरत है, उन्हें द्वितीय किश्त की राशि रुपये 3000/– देय है। उक्त छात्राओं की सूची आपको गत वर्ष भेज दी गई थी, यदि इनमें से कोई छात्रा कक्षा–11 में अनुत्तीर्ण हो गई हों या राज्य में कहीं भी अध्ययनरत नहीं हैं तो उन्हें यह पुरस्कार देय नहीं होगा।

   (ब) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा आयोजित सैकण्डरी एवं प्रवेशिका परीक्षा 2018 में 75 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की सूची निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा आपको भेजी जा चुकी है। यदि सूची प्राप्त नही हुई है तो सूची मंगवाने की कार्यवाही अपने स्तर पर की जावे। उक्त छात्राओं को वर्तमान सत्र 2018–19 में कक्षा–11 नियमित अध्ययन रहने पर प्रथम किश्त का भुगतान 3000 रुपये किया जाना है। यदि छात्रा वर्तमान सत्र में अध्ययनरत नहीं है या राज्य में अध्ययनरत नहीं है तो उन्हें राशि का भुगतान नहीं किया जावें। ऐसी छात्रा पुरस्कार की पात्र नही है।
3. बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के अर्न्तगत कक्षा–12 कला, विज्ञान व वाणिज्य एवं उपाध्याय परीक्षा 2018 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 5000 रुपये की राशि का भुगतान किया जाएगा। पात्र बालिकाओं की सूची आपको निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर, द्वारा आपको भेजी जा चुकी है।
4. पुरस्कार राशि के चैक एंव प्रमाण पत्र इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाये जायेगे।
5. कक्षा–10 उत्तीर्ण बालिकाओ से कक्षा–11 एवं कक्षा–12 में नियमित अध्ययन का प्रमाण पत्र वर्तमान में अध्यनरत विद्यालय के संस्था प्रधान से प्रमाणित किया हुआ प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त किया जाये तथा कक्षा–12 उत्तीर्ण बालिकाओं से नियमित अध्ययन का प्रमाण–पत्र कक्षा–12 में अध्यनरत रही विद्यालय अथवा वर्तमान में अध्यनरत कॉलेज का भी प्राप्त किया जा सकता है।
6. छात्रा से पुरस्कार प्राप्ति की रसीद निर्धारित आवेदन पत्र में प्राप्त कर उसे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जावे तथा कार्यालय में सुरक्षित रखे जावे।

www.rajteachers.com

7. बालिकाओं का पूर्ण विवरण अलग से रजिस्टर में रखा जाना आवश्यक है।
8. इस वर्ष के प्रमाण पत्रों एवं पुरस्कार राशि के चैको का वितरण दिनांक **30 सितम्बर एवं 1 अक्टूम्बर 2018** (राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन.मार्ग, जयपुर में) को किया जावेगा। अतः चैको एंव प्रमाण पत्रो की संख्या के आधार पर आप अपने कर्मचारीओ को जो कि सूची से प्रमाण पत्रों का मिलान कर सकें, उन्हें उक्त दिनांक को राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन कार्यालय में सूची सहित (प्रमाण पत्रो के मिलान हेतु) भिजवाने की व्यवस्था करें।
9. समारोह में स्थानीय विशिष्ट व्यक्तियों एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया जावें तथा बालिका शिक्षा के प्रचार–प्रसार हेतु समारोह का विवरण समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया जावें।
10. समारोह में निर्धारित तिथि दिनांक 04 अक्टूम्बर, 2018 तक ही जिलास्तर एंव पंचायत समिति स्तर पर आयोजित किया जावें तथा किसी प्रकार की जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 9460381389 पर सम्पर्क स्थापित करें।
11. गार्गी पुरस्कार समारोह के लिए बालिकाओं को सूचित किया जावे तथा इसकी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया जावे ताकि बालिकाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।
12. समारोह में अनुपस्थित बालिकाओं के चैको का वितरण भी समय पर किया जावे ताकि चैक अवधि पार न हो।
13. निदेशक माध्यमिक शिक्षा से प्राप्त सूची में यदि किसी बालिका का नाम नही हैं और बालिका पुरस्कार की पात्र हैं तो उसकी सूचना तथा गत वर्ष जिन बालिकाओ के प्रथम किस्त के अतिरिक्त चैक दिये गये थे उन्हें द्वितीय किस्त दी जानी है उनकी सूची भी **ई–मेल balikasf@gmail.com** पर भिजवावे ताकि उनके चैक भी तैयार करवाये जा सके ।

(सुभाष चन्द्र शर्मा)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

क्रमांक :– प. 2/बा.शि.फा./गार्गी/2018/ 907-909 दिनांक :– 27.9.18

**प्रतिलिपिः** निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त उप निदेशक, माध्यमिक।

उपसचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

www.rajteachers.com